शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख धर्म



## शैक्षिक कविताओं का संकलन

काव्य मंजरी टीम

मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# विश्व के प्रमुख धर्म

## 01

## हिन्दू धर्म



धर्म का अर्थ होता है धारण करना,
आस्था से आलौकिकता को नमन करना।
हिन्दू धर्म है अदृश्य-शक्ति में विश्वास करना,
मानव निर्मित शक्ति न होकर प्राकृतिक होना।।

ग्रन्थ, वेद हैं अनादि काल से ही देव, शिव है,
जीवन जीने की पद्धति ही सनातन धर्म है।
हिन्दू धर्म की उत्पत्ति वेदों में वर्णित मिलती है,
ब्रह्म रुप में मानव उत्पत्ति से पहले की है।।





अनुयायी भारत, नेपाल, मारीशस में पाए जाते हैं,
निष्काम जीव और मानव सेवा सत्कर्म कहलाते हैं।
मानव जीवन में उपयोगी पंच-तत्व अमूल्य हैं,
भूमि, जल, अग्नि, वायु व गगन, देव समतुल्य हैं।।

पारलौकिक शक्तिमान पुरुष होते देवता,
स्त्री होतीं देवी समान ऐसी होती मान्यता।
सदैव ही पूजनीय अमर इन्हें माना जाता,
परमेश्वर को आलौकिक ब्रह्म भी कहा जाता।।




रचना- नैमिष शर्मा (स०अ०)
संवि० पूर्व मा० विद्यालय- तेहरा
विकास खण्ड व जनपद- मथुरा


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख धर्म

02

## मुस्लिम धर्म



इस्लाम धर्म को को मानते,
वो मुसलमान कहलाते हैं।
मोहम्मद साहब मुस्लिम धर्म के,
अन्तिम धर्म गुरु माने जाते हैं।।

कुरान शरीफ मुसलमानों का,
पवित्र ग्रन्थ माना जाता ।
मुसलमानों का प्रमुख त्योहार,
ईद के नाम से जाना जाता।।

मक्का और मदीना मुस्लिम
हज करने जाते  हैं।
रमजान के महीने में 30 दिन,
के व्रत रखे जाते हैं।।

गरीब और यतीमो को,
दान देना पुण्य मानते ।
बस एक अल्लाह को ही,
अपना भगवान मानते।।

रचना- शहनाज़ बानो (स० अ०)
पू० मा० वि० भौंरी- 1
मानिकपुर, चित्रकूट



आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान

# मिशन शिक्षण संवाद





# विश्व के प्रमुख धर्म

## 03

## सिक्ख धर्म



सिक्ख धर्म, खालसा या गुरुमत,
को गुरु नानकदेव जी ने चलाया।
गुरुमत की पवित्र शिक्षाओं को,
देश-देशान्तर में जाकर फैलाया।।

सिक्खों के धार्मिक ग्रन्थ को,
गुरु ग्रन्थ साहिब कहते हैं।
और पूजा स्थल को इनके,
गुरुद्वारा साहिब कहते हैं।।



सिक्खों के दस गुरुओं ने,
सिक्ख धर्म का प्रचार किया।
जिनकी शिक्षाओं पर चलकर,
लोगों ने जीवन संवार लिया।।

विभिन्न जातियों के लोगों ने,
सिक्ख गुरुओं से लेकर दीक्षा।
भूखों को लंगर खूब छकाया,
पास की गुरुओं की हर परीक्षा।।


रचना- जितेन्द्र कुमार (स०अ०)
प्रा० वि० धनौरा सिल्वर नगर-1
बागपत, बागपत


शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान



शिक्षा का उत्थान    मिशन शिक्षण संवाद    शिक्षक का सम्मान





# विश्व के प्रमुख धर्म

04

## ईसाई धर्म



धर्म अनेकों हैं दुनिया में,
हिंदू-मुस्लिम-सिख-ईसाई।
चाहे कोई जाति धर्म हो,
पर आपस में भाई-भाई।।

आज ईसाई-धर्म के बारे में,
बच्चों! तुमको बतलाते हैं।
जो मसीही या क्रिस्चियन,
धर्म के नाम से जाने जाते हैं।।



यीशु मसीह हैं इसके प्रवर्तक,
इन्होंने किए थे चमत्कार।
किया था मानव कल्याण उन्होंने,
फैलाया था जग में प्यार।।

बाइबल इनका धर्म ग्रन्थ है,
क्रिसमस जिनका है त्यौहार।
बलिदान दिवस है गुड फ्राइडे,
जिसको कहते पवित्र शुक्रवार।।

रचना-
श्रीमती पूनम गुप्ता (स०अ०)
प्रा० वि० धनीपुर,
धनीपुर, जनपद अलीगढ़



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद



# विश्व के प्रमुख धर्म

05

## बौद्ध धर्म



बौद्ध धर्म प्राचीन है,
है ये धर्म महान।
संस्थापक हैं गौतम बुद्ध,
देता ये अद्भुत ज्ञान।।

शुद्धोधन के पुत्र थे,
नाम था सिद्धार्थ।
बौद्ध धर्म दर्शन दिया,
जाना जीवन का अर्थ।।

बौद्ध धर्म का ग्रन्थ है,
त्रिपटक जिसका नाम।
अनुयायी थे कनिष्क, अशोक,
ह्वेनसाँग, फाहयान्।।

लुम्बिनी और बोधगया,
चार हैं तीर्थ स्थान।
कुशीनगर में निर्वाण मिला,
सारनाथ में प्राप्त ज्ञान।।



रचना
अनुपम वर्मा (स०अ०)
क० उ० प्रा० वि० बहादुरपुर
बंकी, बाराबंकी

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# विश्व के प्रमुख धर्म

## 06

धर्म अनेकों है भारत में,
भारत है धर्मों की नगरी।
ना कोई छोटा ना कोई बड़ा,
धर्म है बूँदे भारत गगरी।।

## जैन धर्म

प्राचीन दर्शन और धर्मों में,
प्रसिद्ध धर्म है जैन धर्म।
मूल सिद्धांत है इसका अहिंसा,
सख्त नियम वाला यह धर्म।।




जैन धर्म के दो सम्प्रदाय हैं,
श्वेताम्बर व दिगम्बर।
जिन परम्परा वाले,
इसके प्रवर्तक हैं 24 तीर्थंकर।।

प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव,
स्वामी महावीर अंतिम है।
तत्वार्थ सूत्र व समयसार,
प्रसिद्ध धर्मग्रन्थ इनके है।।

हेमलता गुप्ता
(स० अ०)
प्रा० वि० मुकन्दपुर
लोधा, अलीगढ़



शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।

शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान





# विश्व के प्रमुख धर्म

## 07

## पारसी धर्म



फारस का था जो राजधर्म,
दूजा नाम था जरथुस्त्री धर्म।
प्राचीन फारस आज का ईरान,
पारसी धर्म की शिक्षा है महान।।
हुमत हुख्त और हव्शरत शिक्षा है,
सबुद्धि, सुभाष, सुव्यवहार इच्छा है।
मन्दिर कहलाते थे आतिश बेहराम,
अहुरा मजदा इनके ईश्वर का नाम।।

नोरीज, खोरदादशाल यहाँ के त्यौहार,
जरथुस्त्र ने किया पारसी धर्म का उद्धार।
निराशावाद, अवसाद माने गए अवसाद,
अच्छाई की जीत होती, बुराई के बाद।।
स्पेंटा, अमेशा इसके सात हैं फरिश्ते,
सिकन्दर की फौज ने बिगाड़े थे रिश्ते।
अहुरा मजदा की सर्वश्रेष्ठ कृति मनुष्य,
बुरी ताकतों पर जीत है जीवन रहस्य।।




रचना
भुवन प्रकाश (इं०प्र०अ०)
प्रा० वि० पिपरी नवीन
मिश्रिख, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# विश्व के प्रमुख धर्म

08

## कैथोलिक धर्म

कैथोलिक शब्द का अर्थ 'व्यापक' होता है,
यह ईसाई धर्म की प्रमुख शाखा है।
रोम से इसका संचालन किया जाता है,
इसलिए इसे रोमन कैथोलिक कहा जाता है।।



इसमें रोम के वेटिकन सिटी के,
पोप को ही धर्माध्यक्ष माना जाता है।
यह धर्म सभी देशों के सब,
लोगों के लिए खुला रहता है।।

जो स्त्रियाँ जीवन धर्म के नाम करती हैं,
ये फिर आजीवन कुंवारी रहती हैं।
इन स्त्रियों को नन कहा जाता है,
इनका विवाह ईसा से रचाया जाता है।।

कैथोलिक चर्च सबसे बडा ईसाई गिरिजाघर है,
इसके 100 करोड़ से ज़्यादा सदस्य हैं,
ईसा द्वारा प्रकट की गयी सभी,
धार्मिक सच्चाईयाँ करता व्यक्त है।।

रचना- ज्योति सागर (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।







# विश्व के प्रमुख धर्म

## 09

## यहूदी धर्म

ईसाई, इस्लाम धर्म का,
यही यहूदी धर्म आधार।
इसीलिए इब्राहिमी धर्म भी,
कहता इसको है संसार।।

धर्म अनोखा एक यहूदी,
कहते यूदावाद सुजान।
तनख, तालमुद, मिद्रश जैसे,
ग्रन्थ धार्मिक इसके महान।।





इज्राइल और हिब्रू भाषियों,
का है राज धर्म ये प्यारा।
प्रार्थनास्थल सिनेगांग है,
यहूदी लोगों का न्यारा।।

हज़रत नूह, अब्राहम, मूसा,
इसके संदेशों के वाहक।
तनख बाईबल इस धर्म की,
कहलाती है प्रसिद्ध पुस्तक।।



रचना

शिखा वर्मा (इं०प्र०अ०)
पू०मा० वि० स्योढ़ा,
बिसवाँ, सीतापुर

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# विश्व के प्रमुख धर्म

## 10

## शिन्तो धर्म

विश्व के प्राचीन धर्म अनेक
उनमें शिन्तो धर्म है एक,
मूल धर्म जापान का,
इसमें देवी-देवता अनेक।।



कई बौद्ध सिद्धांत जुड़े,
झेन सम्प्रदाय प्रारंभ हुए,
ऐतिहासिक रूप से छठी सदी में,
धर्म को लोग मान्यता दिए।



कामी जो जाते हैं कहे,
प्राकृतिक शक्ति प्रतिनिधित्व करें।
बौद्ध धर्म के साथ,
मेल-मिलाप खूब हुए।

कभी राजधर्म थे सब मानते,
जापान देश का थे सब जानते।
राजा को माना जाता धर्मगुरु,
आज भी समुराई इस धर्म को मानते।।



रचना
सुप्रिया सिंह (स०अ०)
क० वि० बनियामऊ
मछरेहटा, सीतापुर।





शिक्षा का उत्थान

# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान

# विश्व के प्रमुख धर्म


11

## बहाई धर्म

इराक के बगदाद शहर से,
बहाई धर्म का प्रसार हुआ।
युगावतार बहाल्लाह के द्वारा,
इसे स्थापित किया गया।।



सईद-ए-हिन्द नामक व्यक्ति बाब,
भारतीय उपमहाद्वीप में इसके प्रथम अनुयायी बने।
सम्पूर्ण मानवजाति को एक सूत्र में,
बाँधने हेतु अग्रदूत बने।।



बाब के जीवनकाल में ही,
इनकी शिक्षा का प्रसार हुआ।
मुम्बई, हैदराबाद, जूनागढ़, रामपुर में,
इनकी आलौकिक दिव्यता को स्वीकार किया।।

भारत में इसके 20 लाख से अधिक अनुयायी हैं।
नई दिल्ली में इनका एक,
बहाई उपासना मन्दिर है।।
जो कमल मन्दिर के नाम से भी प्रसिद्ध है।।



रचना- रीना कुमारी (स०अ०)
उ० प्रा० वि० सिसाना
बागपत, बागपत

शिक्षा का उत्थान

शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद




# विश्व के प्रमुख धर्म

## 12

## कनफ्यूशियसी धर्म

प्रचलित हैं बहुत धर्म,
इस सम्पूर्ण विश्व में।
है एक कनफ्यूशियसी धर्म,
जन्म हुआ जिसका चीन में।।




प्राचीन दर्शन है चीन है का,
है महान धर्म चीन का।
ईसापूर्व पांचवीं शताब्दी का,
उद्भव काल है इसका।।



चीनी दार्शनिक कनफ्यूशियस,
इस धर्म का प्रवर्तक कहलाया।
551 ईसा पूर्व में जन्म हुआ इनका,
चीनी देश का राजधर्म कहलाया।।

झोऊ राजवंश जब शिथिल हुआ,
सभी राज्यों में झगड़ा शुरू हुआ।
चीनी जनता ने कष्ट बहुत उठाया,
महात्मा बन नैतिकता का पाठ पढ़ाया।।

**रचना- प्रतिमा उमराव (स०अ०)**
**कम्पोजिट विद्यालय अमौली**
**अमौली, फतेहपुर**



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# विश्व के प्रमुख धर्म

## 13

## काओ दाई धर्म

कई पंथों से मिलकर बना,
नया राष्ट्रीय धर्म।
वियतनाम को मिला,
काओ दाई धर्म।
सभी धर्मों की एकता में,
रखता ये विश्वास है।
इसका चिह्न यांग और यिन,
बलों को रखता पास है।
द डिवाइन आई,
हैं प्रभु के नेत्र,
जिसका अर्थ प्रभु देखते,
हर पहलू हर क्षेत्र।
तीन रंगों से बना है बैनर,
जिसका मतलब खास है।
पीला- बौद्ध, नीला- ताओ,
लाल- कन्फ्यूशीवाद है।



तीनों रंगों के प्रतीकों में,
है तीनों धर्मों का सार।
ये हैं करुणा-तप, शुद्धिकरण,
पुण्य और प्यार।
काओ दाई प्यार और न्याय का,
उजियारा एक घेरा है।
प्रकाश आत्मा है, आत्मा ही ईश्वर है,
और ईश्वर मेरा है।



रचना
रेनू (स०अ०)
प्रा०वि० कूँड़ी
बड़ागाँव, वाराणसी

शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

# विश्व के प्रमुख धर्म

शिक्षक का सम्मान



## 14

## टेनरिक्यो धर्म





**एक जापानी नया धर्म,**
**टेनरिक्यो जिसका नाम है।**
**सख्ती से ना एकेश्वरवादी,**
**ना ही पंथवादी पहचान है।**

**19 वीं शताब्दी की महिला,**
**नाकायामी मिकी की शिक्षा।**
**अनुयायी 'ओयसामा' कहते,**
**जिनकी धर्म में प्रचलित शिक्षा।**

**टेनरिक्यो का सांसारिक उद्देश्य,**
**जॉयस लाइफ को बढ़ाना है।**
**'दानोकिशन' दान और दिमागीपन,**
**कृत्यों से खेती कर जाना है।**



रचना
अरविन्द कुमार सिंह (स०अ०)
प्रा०वि० धवकलगंज
बड़ागाँव, वाराणसी





आओ हाथ से हाथ मिलायें, बेसिक शिक्षा का मान बढायें। 9458278429






# विश्व के प्रमुख धर्म

**15**

## रस्ताफरी धर्म



एक अब्राहमिक धर्म रस्ताफरी,
इस्लाम- ईसाई जिसमें शामिल।
जमैका में 1930 में विकसित,
यह धार्मिक सामाजिक आन्दोलन।।

बाइबिल की विशिष्ट व्याख्या पर,
मान्यताएँ इसकी आधारित।
एक ईश्वर में करते विश्वास ये,
अंश अंश व्यक्ति के भीतर।।



हैइल सेलासी केंद्र में इसके,
इथोपिया के पूर्व सम्राट।
रस्ताफरी उन्हें मानते,
मसीह का दूसरा अवतार।।

रचना -
सीमा मिश्रा (स०अ०)
कंपोजिट विद्यालय काजीखेड़ा
खजुहा, फतेहपुर

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान।



शिक्षा का उत्थान



# मिशन शिक्षण संवाद

शिक्षक का सम्मान



# विश्व के प्रमुख धर्म

16

28000 वर्ष ईसाई धर्म से पुराना,
है विक्का धर्म का इतिहास।
द क्राफ्ट ऑफ द वाइज के नाम से भी,
जाना जाता विक्का धर्म है खास।।

## विक्का धर्म



जादू टोना में अटूट और अपार,
विश्वास रखते थे विक्का।
पोलियोलिथिक लोगों के रूप,
में जाना जाता था विक्का।।

हंटर भगवान और प्रजनन देवी,
की पूजा करते थे विक्का।
अपनी अच्छाइयों के दम पर,
समाज में ऊँचा स्थान पाए विक्का।।

जादू में दूतों की तरह होती,
मानते थे मोमबत्तियों को विक्का।
लोगों की हर इच्छा पूरी होती,
ऐसा मानते थे विक्का।।

रचना- साधना सचान (प्र०अ०)
कम्पोजिट स्कूल ढोढ़ियाही
तेलियानी, फतेहपुर।।

शिक्षा का उत्थान, मिशन शिक्षण संवाद, शिक्षक का सम्मान



# मिशन शिक्षण संवाद

## विश्व के प्रमुख धर्म

### रचनाकारों की सूची

01- नैमिष शर्मा, मथुरा
02- शहनाज बानो, चित्रकूट
03- जितेन्द्र कुमार, बागपत
04- पूनम गुप्ता, अलीगढ़
05- अनुपम वर्मा ,बाराबंकी
06- हेमलता गुप्ता
07- भुवन प्रकाश,सीतापुर
08- ज्योति सागर, बागपत
09- शिखा वर्मा, सीतापुर
10- सुप्रिया सिंह, सीतापुर
11- रीना कुमारी, बागपत
12- प्रतिमा उमराव, फतेहपुर
13- रेनू, वाराणसी
14- अरविन्द कुमार सिंह, वाराणसी
15- सीमा मिश्रा, फतेहपुर
16- साधना सचान, फतेहपुर

***तकनीकी सहयोग***
आयुषी अग्रवाल, मुरादाबाद
मार्गदर्शनः- राज कुमार शर्मा, चित्रकूट

संकलनः- मिशन शिक्षण संवाद